Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 09 अक्तूबर, 2023

भारतीय वायु सेना दिवस 2023

- **8 अक्तूबर, 1932 को** रॉयल इंडियन एयरफोर्स की स्थापना हुई थी, जिसके उपलक्ष्य में **प्रत्येक वर्ष 8 अक्तूबर** को भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जाता है।
  - **91वें IAF दिवस समारोह के दौरान भारतीय वायु सेना** ने अपने नए ध्वज का अनावरण किया। **नई पताका के दाएँ कोने के शीर्ष में भारतीय वायुसेना की शिखा (Crest)** को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, साथ ही **ऊपरी बाएँ भाग में राष्ट्रीय ध्वज** और **निचले दाएँ हिस्से में भारतीय वायुसेना का तीन-रंगों वाला चक्र** दर्शाया गया है। इस डिज़ाइन को आधिकारिक तौर पर वर्ष 1951 में अपनाया गया था।
- भारतीय वायु सेना दिवस 2023 की थीम **"IAF- एयरपावर बियॉन्ड बाउंड्रीज़"** है।
- भारतीय वायुसेना का आदर्श वाक्य **"टच द स्काई विद ग्लोरी" भगवद् गीता के ग्यारहवें अध्याय** से लिया गया है।
- अब तक IAF और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्षों में **वर्ष 1947-1948**, **वर्ष 1965**, **बांग्लादेश मुक्ति युद्ध (1971)** और कारगिल युद्ध (1999) तथा ऑपरेशन मेघदूत शामिल हैं।

//

छठा मूल स्वाद

पारंपरिक पाँच बुनियादी स्वाद, **जैसे- मीठा, खट्टा, नमकीन, कड़वा** और **उमामी,** वर्षों से स्वाद की हमारी समझ का हिस्सा रहे हैं। हालाँकि हाल के वैज्ञानिक अनुसंधान ने **छठी बुनियादी स्वाद संवेदना** के प्रमाण का खुलासा किया है।

- **नेचर कम्युनिकेशंस** में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार, छठे बुनियादी स्वाद के अस्तित्व का पता चला है।
- यह नया स्वाद **अमोनियम क्लोराइड** द्वारा उत्पन्न होता है और **उसी प्रोटीन रिसेप्टर** को सक्रिय करता है **जो खट्टे स्वाद का संकेत देने के लिये ज़िम्मेदार** होता है।
- अनुसंधान ने **OTOP1** नामक प्रोटीन की पहचान की जो खट्टे स्वाद का पता लगाने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - OTOP1 **कोशिका झिल्लियों** के भीतर स्थित होता है और **कोशिका में जाने वाले हाइड्रोजन आयनों के लिये एक चैनल बनाता** है।
- अपने निष्कर्षों को मान्य करने के लिये वैज्ञानिकों ने एक ऐसी तकनीक का उपयोग किया जो विद्युत चालकता को मापती है, तंत्रिका सिग्नल चालन

का अनुकरण करती है।

- सामान्य चूहे की **स्वाद कोशिकाओं ने** बढ़ी हुई क्रिया क्षमता के साथ **अमोनियम क्लोराइड पर अनुक्रिया** की। **OTOP1 की कमी वाले आनुवंशिक रूप से विकसित चूहों में कोई अनुक्रिया नहीं हुई।** इससे उनकी परिकल्पना की पुष्टि हुई कि OTOP1 नमक के प्रति अनुक्रिया करता है, जिससे **स्वाद कलिका कोशिकाओं में विद्युत संकेत** उत्पन्न होता है।

विश्व डिस्लेक्सिया दिवस

विश्व डिस्लेक्सिया दिवस प्रत्येक वर्ष 8 अक्तूबर को मनाया जाता है, जो डिस्लेक्सिया से पीड़ित व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालता है। साथ ही डिस्लेक्सिया जागरूकता सप्ताह प्रतिवर्ष **2 से 8 अक्तूबर** तक मनाया जाता है।

- **डिस्लेक्सिया एक विशिष्ट शिक्षण विकार है जो मुख्य रूप से किसी व्यक्ति की पढ़ने, लिखने और सटीक वर्तनी की क्षमता को प्रभावित करता है।**
- इसमें व्यक्ति को लिखित शब्दों को पहचानने और डिकोड करने सहित भाषा-संबंधित कार्यों को संसाधित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालाँकि डिस्लेक्सिया का बुद्धि से कोई संबंध नहीं है।
- वर्ष 2023 के लिये इसका विषय है: यूनिकली यू (Uniquely You)।

विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस

प्रत्येक वर्ष **6 अक्तूबर** को मनाया जाने वाला **विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस** मस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पाल्सी- CP) और इसके प्रभाव के बारे में अधिक समझ के लिये जागरूकता बढ़ाने, इस स्थिति से पीड़ित लोगों को सहायता प्रदान करने हेतु एक मंच के रूप में कार्य करता है।

- **सेरेब्रल पाल्सी (CP)** न्यूरोलॉजिकल विकारों का एक समूह है जो **गति, मांसपेशी टोन तथा समन्वय** को प्रभावित करता है।
  - यह जन्म से पहले, जन्म के दौरान अथवा उसके तुरंत बाद मस्तिष्क **को होने वाली क्षति** के कारण होता है।
  - CP से ग्रसित लोगों को **पेशीय विकास, मांसपेशियों पर नियंत्रण एवं संतुलन में कठिनाई हो सकती है, जो हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकती है।**
- इसे **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016** के तहत दिव्यांगता के रूप में भी मान्यता दी गई है।
- **विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस, 2023 की थीम "टुगेदर स्ट्रॉन्गर" है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-09-october-2023